## युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया आरोप

**मासलपुर/करौली** (नि.स.) । करौली के निकट रूधपुरा गांव में एक युवक की संदिग्ध हालत में मृत्यु हो गई जिस पर परिवार जनों ने जहर देकर हत्या की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है वहीं पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है ।

मासलपुर थाने के हैड कांस्टेबल श्रीकिशन ने बताया कि अभिषेक उर्फ गुड्डू 22 पुत्र रामबाबू निवासी रूधपुरा गांव से अपने चाचा के साथ नहाने गया था जहां से वह मासलपुर में एक हेयर सलून पर दाढ़ी बनवाने और जूतों पर पॉलिस कराने चला गया बताया जा रहा है कि युवक ने मासलपुर में एक दुकान पर नाश्ता किया इसके बाद युवक डाबी के कुंडा पर लौट आया और नहाने लगा नहाने के बाद अचानक युवक को चक्कर आने लगे और दिखाई देना बंद हो गया तबीयत बिगड़ने पर युवक को मासलपुर अस्पताल लाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में करौली अस्पताल के लिए रैफर कर दिया युवक ने इलाज के दौरान करौली अस्पताल में दम तोड़ दिया युवक के पास से जहरीले रसायन का एक सीलबंद पाउच बरामद हुआ है ।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने होने के लिए कांग्रेसियों का दल रवाना



कांग्रेसजनों को पूर्व मंत्री भरोसी लाल जाटव ( फ्लैग हाथ लिए ) ने झंडी दिखाकर रवाना किया ।

**हिंडौन सिटी ।** पूर्व मंत्री एवम विधायक भरोसी लाल जाटव के आवास से विधानसभा क्षेत्र के सभी कांठोस जन राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए विधायक भरोसी लाल जाटव के नेतृत्व में रवाना हुए। सभी कांग्रेसजनों को पूर्व मंत्री भरोसी लाल जाटव ने झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि हम सभी का यह सौभाग्य है कि पूरे देश में अमन चैन और भाईचारे के लिए भारतवर्ष में आपसी वैमनस्य एवं विद्वेष को मिटाने की भावना को लेकर हमारे नेता राहुल जी ने जो भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। उसमें सम्मिलित होने का हम सभी कांग्रेसियों को भी अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि हम सभी पहुंचकर राहुल गांधी के हाथ मजबूत करें और प्रदेश एवं देश में अमन चैन भाईचारा और आपसी सद्भाव कायम करने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर हिंडौन नगर परिषद चेयरमैन बृजेश जाटव,पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार जाटव, निवर्तमान कांठोस जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, हिंडौन देहात के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, किसान कांठोस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष भगत सिंह डागुर, विक्रम सिंह हाबूड़ा, सेवादल के निवर्तमान जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह मावई, बृजेश भारद्वाज सहित लगभग 400 कांठोसी बसों एवं बोलेरो आदि गाड़ियों से सवाई माधोपुर राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

## छात्रा ने किया सुसाइड की

**सपोटरा / करौली** (नि.स.)। 12वीं क्लास की नाबालिग छात्रा ने सपोटरा के सरकारी गर्ल्स माड़ा आश्रम हॉस्टल के खाली कमरे में रविवार रात को फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया हालाकि कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है । पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

सपोटरा थाने के एएसआई प्रेम सिंह ने बताया कि अजय बाई 17 पुत्री मोहर सिंह मीणा निवासी गुरदेह मंडरायल सपोटरा के राजकीय कन्या माडा आश्रम छात्रावास में रह रही थी । नाबालिग किशोरी सपोटरा के सरकारी स्कूल में 12वीं क्लास में आर्ट्स विषय लेकर पढ़ाई कर रही थी । रविवार की देर रात छात्रा ने हॉस्टल के एक खाली कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली हॉस्टल की वार्डन द्वारा देर रात छात्रा द्वारा आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी गई । सूचना मिलने पर पुलिस हॉस्टल पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया और मृतका के शव को फंदे से उतारकर सपोटरा अस्पताल की मोर्चरी में लाया गया। जहां सोमवार प्रातः पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया हालाकि कमरे में अभी तक कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## सार-समाचार



सवाई माधोपुर के पिपलहेड़ा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया।

### पूनिया जनआक्रोश रैली में होंगे शामिल

**करौली** (नि.स.) भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया जन आक्रोश यात्रा में शामिल होने हेतु करौली में 14 दिसंबर का कार्यक्रम तय हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया आज मंगलवार को शाम कैलादेवी पहुँचेंगे जो रात्रि विश्राम कैलादेवी में कर 14 दिसंबर को प्रातः 8:00 बजे कैला माँ0 के दर्शन लाभ प्राप्त कर माता कैलादेवी से पैदल यात्रा के साथ करौली के श्री मदन मोहन जी महाराज के मन्दिर तक पैदल यात्रा कर दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे ।

## पीड़ितों को वितरित की दवाईयां

**करौली** (नि.स.) । सक्षम परियोजना अंतर्गत डांग विकास संस्थान, करौली द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विनेगा में चिन्हित खनन मजदूरों व सिलिकोसिस पीडितों के लिए उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि सिलिकोसिस उपचार शिविर में गाधौली,मचानी,विनेगा,चैनपुर के गांव के चिन्हित खनन मजदूर व सिलिकोसिस पीडितों ने भाग लिया जिसमें से 40 सिलिकोसिस पीडितो का लक्षणात्मक उपचार डॉ. अतुल मीणा व मेल नर्स पवन बेनाडा के बताये अनुसार डांग विकास संस्थान की ओर से सिलिकोसिस पीडितों को शिविर में कफ सीरप, प्रोटीन पाउडर तथा मल्टीविटामिन गोलिया निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। साथ ही कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा सभी सिलिकोसिस पीडितो को इस लाईलाज बीमारी के बचाव के परार्मश के साथ-साथ दवाईयों का सेवन नियमित इस्तेमाल करने ध्यान रखने की सलाह दी गई। शिविर में विक्रम सिंह जाटव,नीतेश कुमारी मारुति नंदन मीना आदि मौजूद था।

# स्वस्ती भूषण माताजी का मंगल प्रवेश

**करौली** (नि.स.) जैन आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी का ससंघ करौली में मंगल प्रवेश हुआ।

करौली जैन समाज के लोगों ने माता जी की अगवानी की।उन्हें गाजे-बाजे के साथ जैन मंदिर और जैन धर्मशाला लेकर पहुंचे। इससे पहले जैन समाज अध्यक्ष डॉ0 प्रदीप जैन,मनोज जैन,विवेक जैन,अनुराग जैन,आशीष जैन सहित अन्य लोग बांधवा गॉव पहुंचकर माताजी के विहार मे शामिल होकर करौली तक आए। स्वस्ति भूषण माताजी ने जैन मंदिर पहुंचकर भगवान जिनेंद्र के दर्शन किए और करौली के प्राचीन मंदिर को देख प्रसन्नता जताई। माताजी ने कहा कि करौली में प्राचीन जैन मंदिर जैन समाज के सुनहरे इतिहास को दर्शाता है। इसके बाद स्वस्ति भूषण माताजी सब्जी मंडी स्थित जैन धर्मशाला पहुंची। जैन धर्मशाला में प्रवचन के दौरान स्वस्ति भूषण माताजी ने धर्म मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि धर्म ही पापों से बचा सकता है और धार्मिक ज्ञान से मन शुद्ध और शांत रह सकता है। स्वस्ति भूषण माताजी ने समाज और परिवार में एकजुटता,धर्म मार्ग पर चलने, स्वाध्याय और नियमित पठन का भी संदेश दिया। विवेक जैन ने कहा कि करौली जैसी छोटी जगह पर जैन आर्य का स्वस्ति भूषण माताजी का आगमन सुखद और अनूठा है। उनके आगमन से जैन समाज ही नहीं हर समाज के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन,कैलाश चंद जैन,पार्षद संजीव जैन,वीरेंद्र जैन बोहरा,महेंद्र जैन, धर्मेंद्र जैन,मनोज जैन,ललित जैन,धर्मेंद्र जैन, ऋषभ जैन,अनिल जैन,पवन जैन सहित सकल जैन समाज के महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर स्वस्ति भूषण माताजी ने भक्तांबर स्त्रोत का पाठ करवाया साथ ही शाम को आनंद यात्रा का भी आयोजन हुआ। गौरतलब है कि स्वस्ति भूषण माताजी श्री महावीरजी में बीते दिनों महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुई थी और अब वहां से विहार कर मुरैना मध्य प्रदेश की ओर जा रही हैं।

## 'अब अंग्रेजी बोलना सीखेंगी महिलाएं'

**सपोटरा/करौली** (नि.स.) । आरकेसीएल व महिला एवं बाल विकास विभाग,राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इन्दिरा महिला शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत राजस्थान की महिलाओं व बालिकाओं को योजना के तहत 3 कोर्स में निःशुल्क आवेदन प्रारम्भ किये है।जिसके लिए बालिका व महिला अभ्यर्थी किसी भी एक कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं। चयनित अभ्यर्थियों को कोर्स राजस्थान सरकार द्वारा निःशुल्क करवाया जावेगा।

आरकेसीएल के सर्विस प्रोवाइडर योगेन्द्र सिंहल ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए 16 से 40 वर्ष की महिलाएं व बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। विभाग के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए टैली एकाउंट्स,इंग्लिश स्पोकन कोर्स निशुल्क करवाया जावेगा। वही उन्होने बताया कि इंग्लिश स्पोकन कोर्स जिला मुख्यालय के यूनिक कम्प्यूटर्स पर ही उपलब्ध होगा। उन्होने बताया कि आवेदन के लिए विभाग के द्वारा आवेदन की अन्तिम तिथि 10 दिसंबर से बढ़ाकर 18 दिसम्बर कर दी गई है।

# मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने समस्याएं सुन मौके पर निबटाए के आदेश दिए



पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ( दाएं से पहले ) ने जनसुनवाई कर समस्याओं के निराकरण के मौके पर दिये निर्देश

**भरतपुर**,(निस)। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान नियमानुसार एवं तत्काल किये जाने के निर्देश मौके पर ही दिये। जनसुनवाई के दौरान पंचायत समिति डीग के ग्राम मधुवना के ग्रामवासियों ने एसएच 14 घरवारी मोड से मधुवना सड़क का निर्माण कराने के आवेदन पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम कठैरा चौथ में बाबा महावल की चौपाल का पुर्ननिर्माण कराने की मांग पर सम्बंधित अधिकारी को कार्य कराने के निर्देश दिये। पंचायत समिति पहाडी के ग्राम कठौल निवासी राशिद द्वारा वैल्डिंग की दुकान हेतु प्रधानमंत्री रोजगार योजना के माध्यम से 8 लाख 50 हजार रूपये का ऋण स्वीकृत कराने के आवेदन पर जिला औद्योगिक केन्द्र एवं पीएनबी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। नगर निगम भरतपुर के वार्ड संख्या 50 के पार्षद रामेश्वर सैनी ने ग्राम नौह के पास अछनेरा रोड़ पर भव्य स्वागत द्वार बनवाने की मांग पर नगर निगम को द्वार निर्माण कराने के निर्देश दिये। ग्राम सिकरोरा निवासी राजवीर कुमार ने बैलारा स्थित महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय तक कराये गये सड़क निर्माण का भुगतान कराये जाने की मांग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये। नगरपालिका कुम्हेर के अध्यक्ष राजीव सिंघल द्वारा कुम्हेर-सौंख रोड़ के किनारे नाले का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के आवेदन पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। फुलवारा निवासी रामप्रसाद द्वारा विद्युत पोल में करंट आने से दो भैंसों की मृत्यु का मुआवजा दिलाने की मांग पर अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## व्यापारी सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर व्यापार महासंघ भरतपुर का विशाल व्यापारिक सम्मेलन, स्नेह मिलन व शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय गिरीश रिसोर्ट में 13 दिसम्बर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

महासंघ अध्यक्ष भगवानदास बंसल एवं महासचिव सीए अतुल मित्तल ने वताया कि इस समारोह में आने के लिए प्रत्येक व्यापारी को निशुल्क आमंत्रण पत्र, ईनामी कूपन, प्रवेश कूपन एवं पीले चावल पूरे शहर में प्रत्येक व्यापारी की दुकान पर वितरित किये जा चुके हैं। समारोह की सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण कर ली गई हैं एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। कार्यक्रम में व्यापारियों को संगठित करने व व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को रखा जावेगा । इसमें व्यापारी वीमा, व्यापारी पेंशन योजना, विभिन्न कर लगाना एवं ऑनलाइन व्यापार का विरोध करना मुख्य रूपसे शामिल होगा। ईनामी कूपनों पर 31 ईनाम निकाली जावेंगी। जिनमें मुख्य रूप से एसी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, रेंजर साइकिल, पंखा आदि मुख्य हैं। कार्यक्रम का संचालन बृजभोजन के साथ होगा।

## इंदिरा रसोई के भोजन की गुणवत्ता जांची

**करौली** (नि.स.) । जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशानुसार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंदिरा रसोई के भोजन की गुणवत्ता जांची गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थित इंदिरा रसोई पर उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार चिकित्सकों के नेतृत्व में टीम गठित कर भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण कराया गया ।

जिसमें पीएमओ डॉ. दिनेश गुप्ता द्वारा एमसीएच स्थित इंदिरा रसोई,डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा द्वारा शिकारगंज स्थित इंदिरा रसोई, और आरसीएचओ डॉ. दीपक कुमार द्वारा बस स्टैंड स्थित इंदिरा रसोई, डीईआईसी मैनेजर डॉ. महेंद्र द्वारा ट्रक यूनियन स्थित इंदिरा रसोई पर भोजन कर गुणवत्ता जांची। सभी स्थानों पर भोजन की गुणवत्ता संतोषप्रद पाई गई।

# 'जन आक्रोश यात्रा में मिली शिकायते एकत्रित की जा रही है'

**सवाई माधोपुर** । भाजपा सवाई माधोपुर विधानसभा की जन आक्रोश यात्रा का रथ बजरिया मण्डल के वार्ड नं 49 के पटेल नगर से होते हुए शहर मण्डल के आलनपुर, हाऊसिंग बोर्ड के सेक्टर 3,सेक्टर 2 व सेक्टर 1 में नुक्कड सभाओं, चौपाल करते हुए शहर मुख्य बाजार में जुलूस के रूप में पत्रक वितरण के साथ दण्डवीर बालाजी पर सम्पन्न हुई।विधानसभा संयोजक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सभी चौपाल व नुक्कड सभाओं में मंचस्थ अतिथियों में जिला संगठन प्रभारी नारायण मीना, विधानसभा प्रभारी चेतन जैन ने अपने उद्धबोधन में बताया कि प्रतिदिन 25 हजार से लेकर 40 हजार शिकायतें रोजाना भाजपा शिकायत पेटिका में एकत्रित की जा रही है। इससे लग रहा है कि आमजन में कांग्रेस के प्रति बड़ा आक्रोश है। किसानों, बेरोजगारों, मजदूरों, व्यापारियों से सरे-आम लूटपाट हो रही है।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीना ने अपने उद्धबोधन में कहाँ की कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की आवभगत में लगी हुई है। आम जनता की कोई नहीं सुन रहा। मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में लग हुए है, आमजन त्रस्त है।जब से राजस्थान के लोगों के साथ दिल्ली का इंजन हटा है, राजस्थान का विकास घटा है। इस विकास को घटाने वाले लोग हम नहीं, गहलोत साहब हैं।भारत आज विकास की नयी छलांग लगा रहा है और राजस्थान के विकास में भी सरकार ने कोई कसर नहीं छोडी है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भरत लाल मथुरिया ने कहाँ कि शहर के तकरीबन सभी वार्डों में सड़कें टूटी हुई है।स्थानीय विधायक द्वारा मात्र थोथी घोषणाएं की परंतु धरातल पर किसी भी प्रकार से कोई भी विकास कार्य नहीं हुए।भाजपा पार्षदों में कपिल जैन,रीतेश भारद्वाज, नीरज मीना,जिनेन्द्र जैन,हनुमान सैनी,चंदन सिंह नरुका आदि ने एक सुर में यह कहा कि स्थानीय विधायक की हठधर्मिता के कारण नगर परिषद का चेयरमैन पद लगभग 2 माह से रिक्त पड़ा है।और शहरी क्षेत्र की जनता के सभी कार्यों पर फुलस्टॉप लग गया है। कार्यक्रम व रैली प्रमुख हरि प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर महामंत्री लोकेंद्र आचार्य जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग,भवानी मीना,कमल मीना, बलवीर सिंह,यात्रा के सह-संयोजक सिताराम गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, नरेंद्र सिंह राजावत जयपुर भवानी जांगिड़, मोहनलाल कौशिक आदि गणमान्य पदाधिकारी कार्यकर्ता व विशाल संख्या में आम जन उपस्थित रहा।

## न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार

**करौली** (नि.स.) । जयपुर में न्यायाधीश के निजी आवास पर हुई न्यायिक कर्मचारी की संदिग्ध मृत्यु के मामले को लेकर न्यायिक कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार सोमवार को भी जारी रहा।

इस दौरान संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश कौशिक ने बताया कि संघ की मांग पर जयपुर पुलिस ने न्यायिक अधिकारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है अब प्रांतीय स्तर पर आगे निर्णय लिए जाने पर आगे की कार्यवाही की जावेगी। इसके बाद सम्पूर्ण जिले के न्यायिक कर्मचारियों ने जिला न्यायालय से रैली निकालकर पुराना कलेक्ट्री सर्किल,एसपी ऑफिस,ट्रक यूनियन सर्किल, कलेक्टर ऑफिस,कोर्ट कैंपस होते हुए रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान करौली मुख्यालय, हिण्डौन, नादौती, महावीरजी, सपोटरा, टोडाभीम के न्यायिक कर्मचारियों सहित एमएसीटी, डीएलएसए के कर्मचारी मोजूद रहे।

# निःशब्द विद्यालय के बच्चों ने फहराया परचम



करौली में संचालित निःशब्द विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

**करौली** (नि.स.) । एकट बोधग्राम के कार्यक्रम प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया की राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ द डेफ के बैनर तले एथलेटिक्स की कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजस्थान के लगभग 100 से अधिक मूक बधिर युवाओं ने अलग अलग प्रतियोगिता में भाग लिया

उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में संस्थ द्वारा संचालित निशब्द मूक बधिर विद्यालय के 5 बालको ने भाग लिया जिसमे निःशब्द विद्यालय के सोनू सिंह ने 100मीटर व 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान,आयान खान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं 400मीटर दौड़ में आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयान खान ने लंबी कूद में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों को फरवरी 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश के इंदौर में होने बाली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# अग्रवाल समाज कार्यकारिणी की बैठक हुई

**गंगापुर सिटी।** अग्रवाल समाज समिति गंगापुर सिटी कार्यकारिणी की मिंटिग रविवार को देर शाम अग्रवाल धर्मशाला स्टेशन रोड पर अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष महेन्द्र गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अग्रवाल समाज समिति महामंत्री बाबूलाल कुनकटा ने बताया कि मिंटिंग में अग्रवाल समाज की श्री अग्रसेन जयंती पर हुई आमसभा के निर्णय अनुसार एक बिशेष आमसभा 8 जनवरी 2०23 रविवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मिटिंग में अग्रवाल समाज के निर्धन मेधावी छात्र छात्राओं के लिए एक कोष बनाने के लिए एक कमेटी व कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। अग्रवाल समाज समिति के रजिस्ट्रेशन हेतू राजेंद्र एसटीडी, महेश सर्वेयर, मंगती लाल अकाउंटेंट की एक कमेटी बनाई गई। मिटिंग में उपस्थित सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अग्रवाल समाज के युवाओं के लिए गंगापुर सिटी में छात्रावास व आधुनिक लाईब्रेरी व्यवस्था योजना पर एंव एक नवीन जमीन खरीदकर अग्रवाल समाज की बडी धर्मशाला बनाने का अपना सुझाव रखा। इस पर अपनी तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया एवं समाज समिति को इस कार्य के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया। मिटिंग में अग्रवाल छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा व रोजगार पर समाज समिति कार्य करे इस पर सभी ने मिलकर कार्य करने अपनी अपनी राय दी। इसके लिए आगामी होली के अवसर पर एक बिशेष सेमिनार रखने का मिटिंग में प्रस्ताव भी आया। मिटिंग में अग्रवाल भवन में एक माईक सैट खरीदने का प्रस्ताव आया जिसकी जिम्मेदारी अग्रवाल भवन ट्रस्ट को दी गई। मिटिंग में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामू गुट्टा, जिला महामंत्री गोविंद बरनाला, अग्रवाल भवन ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र बुकसेलर, अग्रवाल कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधामोहन गोयल, अग्रवाल युवा संगठन अध्यक्ष दीपक पटोली, अग्रवाल खण्डेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार गोयनका, अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष संजना मित्तल, वासुदेव बंसल, गोपाल गुप्ता, देवेश बंसल, हेमेंद्र मित्तल, मनीष जीवली सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## जनता चौपाल का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही जनआक्रोश यात्रा के अंतर्गत बयाना के गांव कोड़ापुरा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का रात्रिकालीन प्रवास व सुबह 8 बजे से जनता चौपाल पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा की कांग्रेस का इतिहास भारत को जोड़ने का नहीं बल्कि तोड़ने का इतिहास रहा है।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुका है, सरकार अपनी कुर्सी बचाने में लगी हुई है उसका प्रदेश की जनता के कल्याण से कोई सरोकार नहीं है। इसी को लेकर कांग्रेस की सरकार के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर मे जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कांग्रेस की सरकार को जन कल्याण विरोधी सरकार बताया। चौपाल में नागरिकों ने अपनी स्थानीय समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराते हुए उनके निवारण पर चर्चा की ।

# भाजपा की जनाक्रोश यात्रा में जनता की आवाज बना गौकशी का मुद्दा



गंगापुर शहर में जनआक्रोश यात्रा के दौरान काफी भीड़ नजर आई।

- **भाजपा जन आक्रोश यात्रा पिछ्ले 9 दिनों में 434 किलो मीटर लंबा सफर तय किया**

**गंगापुर सिटी** । कांग्रेस के कुराज से आक्रोशित जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस के जंगलराज के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश यात्रा गंगापुर शहर में पहुंची। गंगापुर शहर में 11 स्थानों पर नुक्कड सभा आयोजित हुई।

गंगापुर शहर हृदय स्थल बालाजी चौक पर रात्रि चौपाल आयोजित की गई। भाजपा जन आक्रोश यात्रा पिछ्ले 9 दिनों में 434 किलो मीटर लंबा सफर तय कर, 116 नुक्कड सभा एवं ग्रामीण रात्रि चौपाल, 153 स्वागत, 81 हजार लोगों से जनसंपर्क कर गंगापुर शहर में पहुंची। यात्रा रथ का प्रातः काल 9 बजे विधिवत पूजन कर सीताराम जी मंदिर पुरानी अनाज मंडी से प्रारंभ होकर उदेई मोड, सालौदा मोड, सैनिक नगर, न्यू ट्रक यूनियन, ईदगाह मोड सभापति निवास, नसिया कॉलोनी, सूरसागर, बजरिया, व्यापार मंडल होते हुए बालाजी चौक पहुंची जहां पर विशाल रात्रि चौपाल आयोजित हुई। नसिया कॉलोनी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का 151 मीटर लंबा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया।

पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन से परेशान हो चुकी है। विधानसभा संयोजक दीपक सिंघल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार अदृश्य काले जादू की सरकार हैं। जहां आभास तो होता है लेकिन मोजूदगी नहीं होती है। केवल हवाओ में ही बाते होती है। भारतीय जनता पार्टी का यह परिवार एक सुदृढ व सशक्त परिवार है और 2०23 की तैयारी करके बैठा है। हम सब मिलकर एक संकल्प के साथ आगे बढेंगे, राजस्थान में फिर से कमल खिलाएंगे तथा सुशासन की सरकार बनाएंगे। इस दौरान यात्रा जिला संयोजक प्रेमप्रकाश शर्मा, यात्रा विधानसभा प्रभारी देवेंद्र राठौर, विस्तारक नीरज चतुर्वेदी, प्रधान मंजू गुर्जर, जिला महामंत्री मनोज बंसल, पूर्व जिला प्रमुख पंखीलाल मीणा, मंडल अध्यक्ष गिरधारी लाल सोनी, उपसभापति वीरू पुजारी, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, संगीता बोहरा, ओमप्रकाश पटेल, हरिसिंह खारवाल, भरतलाल मीणा, एडवोकेट उर्मिला गुर्जर, नीरज दिक्षित, सोमेश्वर टटवाल, नमोनारायण फागना, नीतेश मोदी, अनिल दुबे, महेंद्र लोढी, दिलीप गुर्जर सहित हजारों कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## जेसीबी से मूर्ति उखाड़ने की निंदा

**भरतपुर** (निस)। सांसद रंजीता कोली ने सेवर थाना इलाके के पदम विहार कॉलोनी में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पुलिस द्वारा जेसीबी से उखाड़कर ले जाने के मामले में नाराजगी जाहिर की है।

सांसद रंजीता कोली ने पुलिस अधीक्षक व पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव पर निशाना साधा कि पुलिस द्वारा एक समुदाय विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह का कृत्य किया जा रहा है। हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। बिना किसी संगठन से बात किए बिना ही पुलिस मूर्ति को उठाकर ले गई। यह बहुत निंदनीय कृत्य है।

पुलिस के कृत्य पर उच्च अधिकारियों को माफी मांगनी चाहिए। नहीं तो मैं इस मामले को लेकर धरने पर बैठुंगी, सांसद रंजीता कोली ने कहा कि कांग्रेस सरकार लगातार एक वर्ग विशेष को महत्व देने के लिए इस तरह के गलत काम कर रही है और अब भरतपुर में भी ऐसा देखने को मिला है लेकिन हम इसे सहन नहीं करेंगे हिंदू भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचने दी जाएगी। इस मामले में मैं सरकार को पत्र लिखकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करूंगी।